जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

प्रेषक :
सम्बद्धता विभाग,
जीवाजी विश्वविद्यालय
ग्वालियर

ग्राम : यूनिवर्सिटी
दूरभाष : (0751-244228 (कार्यालय)
ई-मेल : E-mail : jiwajidcdc@gmail.com
Website :http://www.jiwaji.edu/

क्रमांक : एफ/सम्बद्धता/2024/10938

दिनांक : 16-7-2024

// अति-आवश्यक //

प्रति,

सचिव/प्राचार्य
समस्त संम्बधित अशासकीय सामान्य पाठ्यक्रम महाविद्यालय
जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर, (म0प्र0)

विषयः- परिनियम 28/17 के अंतर्गत प्राचार्य एवं शिक्षकों की नियुक्ति के संबंध में।

संदर्भः- कार्यालयीन पत्र क्र. 10937 दिनांक 12.07.2024

महोदय,

उपरोक्त विषयांतर्गत संदर्भित पत्र के संबंध में लेख है कि, विश्वविद्यालय से सम्बद्ध सामान्य पाठ्यक्रम के महाविद्यालयों में परिनियम 28/17 के अंतर्गत प्राचार्य एवं शिक्षकों की नियुक्ति हेतु समिति की बैठक का कार्यक्रम दिनांक 18.07.2024 से जारी किया जा चुका है, जिसकी सूचना गठित चयन समिति के सदस्यों एवं महाविद्यालयों के ई-मेल आई.डी. पर पत्र के माध्यम से भेजी जा चुकी है।

अतः उक्त संबंध में संबंधित सामान्य पाठ्यक्रमों के महाविद्यालयों के प्राचार्य/प्राचार्या/सचिव/संचालक को सूचित किया जाता है, कि **संदर्भित पत्र के साथ संलग्न महाविद्यालयों की सूची में अंकित महाविद्यालय में परिनियम 28/17 के अंतर्गत प्राचार्य एवं शिक्षकों की नियुक्ति हेतु गठित चयन समिति के सदस्यों से सम्पर्क कर चयन समिति की बैठक दिनांक 31 जुलाई 2024 तक भण्डारकर कक्ष एवं सम्बद्धता विभाग जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर में अनिवार्य रूप से आयोजित कराना सुनिश्चित करें** एवं चयन समिति की बैठकों के आयोजन संबंधी जानकारी विश्वविद्यालय के सम्बद्धता विभाग में प्रस्तुत करें।

कुलसचिव

प्रतिलिपि :-

1. कुलगुरु के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
2. कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
3. श्री एच.के. द्विवेदी, प्रभारी, आई. टी. सेल. की ओर इस आशय के साथ प्रेषित कि वह उक्त पत्र को तत्काल प्रभाव से विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करें।

निदेशक,
महाविद्यालयीन विकास परिषद्